तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026

12 प्रतिष्ठित कंपनी के नाम पर फर्मा कंपनी...




12 सी कैटेगरी वालों से 22 जनवरी तक लिया...





## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज कांकेर में



**कांकेर।** भाजपा कार्यलय कमल सदन कांकेर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव, लोकसभा सांसद भोजराज नाग , विधायक विक्रम उसेंडी, आशाराम नेताम व भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन नए रोजगार गारंटी कानून वीबी जी राम जी को लेकर आज 8 जनवरी को शाम 4 बजे प्रेसवार्ता लेंगे । उक्त जानकारी भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी निपेन्द्र पटेल ने दी है ।

### लारगांव एनएसएस शिविर का किया गया निरीक्षण



**कांकेर।** लारगांव मरकाटोला के उमावि के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कैडेट शिविर का निरीक्षण किया गया, जिसमें बताया गया कि प्रतिदिन रैली, योग अभ्यास, भजन, राष्ट्रीय ध्वजारोहण, परियोजना कार्य, बौद्धिक परिचर्चा होती है। जिला संगठक डॉ. अभिषेक मिश्रा ने शिविर में उपस्थित कैडेट को पर्यावरण संरक्षण व पॉलिथीन मैनेजमेंट की जानकारी दिया। कार्यक्रम में अशोक कुमार, पदुम सिंह ठाकुर, पुनू राम प्रधान, गिरिश सोनकर, रोशन पटेल, डेमन सिन्हा, रीना हिचामी, हिना भोयर, रंजीता नुचार्य, पूर्णिमा मरकाम, रितिका दिवाकर व ग्रामीणों का सहयोग मिला रहा है।

### शराब बेचते हुए दो कोचिया गिरफ्तार



**कांकेर।** दुर्गुकोंदल पुलिस ने 6 जनवरी को छापामार कार्यवाही करते हुए बागवाही खासपारा चौक जंगल रस्ता में आरोपी बागवाही निवासी किशोर कुमार मंडावी पिता जोहन मंडावी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब को जप्त कर किया गया। वही पखांजुर पुलिस ने 6 जनवरी को शाम साड़े 6 बजें आरोपी शीतलापारा पखांपुर निवासी श्यामा मंडावी पिता गिरवासी मंडावी को अवैध रूप से महुआ शराब बेचते हुए पकड़ा। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### कुएं में गिरने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत पटेलपारा कच्चे निवासी 30 वर्षीय चंदन कुमार उर्वशा पिता राधेलाल उर्वशा की कुएं में डूबने से मौत हो गया। कच्चे निवासी 49 वर्षीय राधेलाल उर्वशा ने पुलिस को बताया कि मृतक 8 नवंबर 2025 से 6 जनवरी ▶▶|शेष पेज 10 पर

# ऑपरेशन उजियारा के तहत मेडिकल दुकानों पर छापेमारी, नशे के कारोबार पर कड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में सूखा नशा, अवैध ड्रग्स और नशीले सिरप के बढ़ते प्रचलन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से कांकेर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन उजियारा के तहत पुलिस ने मेडिकल टीम के साथ कांकेर शहर के मेडिकल दुकानों पर सघन और औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया और दुकानदारों को समझाईश भी दिया। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के स्पष्ट निर्देशन में, एएसपी भानुप्रतापपुर आकाश श्रीश्रीमाल एवं एएसपी कांकेर दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी कांकेर मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में ऑपरेशन उजियारा को गति देने का अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य शहर में अवैध ड्रग्स, सूखा नशा व प्रतिबंधित सिरप की बिक्री पर रोक लगाकर असामाजिक तत्वों एवं अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। इसी के तहत 6 जनवरी को ड्रग इंस्पेक्टर सुनील नाग, नायब तहसीलदार चंदा नाग, थाना कांकेर के उपनिरीक्षक सुरेंद्र मानिकपुरी एवं कोतवाली स्टाफ ने कांकेर शहर में स्थित सभी मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवाओं के स्टॉक रजिस्टर, बिक्री अभिलेख एवं दवा भंडारण की गहनता से जांच की गई। जांच के दौरान मेडिकल संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि बिना डॉक्टर के वैध पर्चे के किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित दवाएं या नशीले सिरप का विक्रय न किया जाए। पुलिस व प्रशासन की ओर से स्पष्ट चेतावनी दी गई कि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## नशे के सौदागरों को साफ संदेश, सुधर जाओ, वरना कार्रवाई तय



### कानून तोड़ने वाले, सुधर जाएं

कांकेर पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि ऑपरेशन 'उजियारा' के तहत इस प्रकार की चेकिंग आगे भी लगातार जारी रहेगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि कहीं भी अवैध ड्रग्स या नशीली दवाओं की बिक्री की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें। कांकेर पुलिस का यह अभियान नशे के खिलाफ एक सशक्त संदेश है कि कानून से खिलवाड़ करने वालों के लिए अब शहर में कोई जगह नहीं।

## विकास : विधायक बनने से पहले 2023 में की पदयात्रा, विधायक बनने के बाद आज करेंगे भूमिपूजन

# विधायक नेताम की जिद से बदल रही है नरहरपुर-चनार सड़क की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर क्षेत्रवासियों के लिए आज का दिन एक नई उम्मीद और लंबे संघर्ष के परिणाम का प्रतीक बनने जा रहा है। वर्षों से जर्जर और संकरी हालत में पड़ी नरहरपुर-चनार सड़क, जो आमजन के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी, अब विकास की राह पर आगे बढ़ने जा रही है। इसी सड़क के चौड़ीकरण कार्य का आज विधिवत भूमिपूजन चनार में किया जाएगा। यह कार्य कांकेर विधायक आशाराम नेताम के निरंतर प्रयासों और जमीनी संघर्ष का परिणाम माना जा रहा है।

गौरतलब है कि आशाराम नेताम ने इस सड़क की समस्या को तब उठाया था, जब वे विधायक भी नहीं थे। वर्ष 2023 में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान नरहरपुर से चनार तक की सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों और ग्रामीणों के साथ पदयात्रा निकाली थी। उस समय सड़क की संकरी चौड़ाई, गड्ढे और लगातार हो रहे हादसे क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी चिंता का विषय थे। पदयात्रा के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करने का प्रयास किया गया, लेकिन कांग्रेस सरकार ने इस मांग पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया। विधायक आशाराम नेताम का कहना है कि कांग्रेस के पूरे कार्यकाल में सड़को को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई, केवल भ्रष्टाचार में ही डूबे रहे। खराब सड़कों को लेकर क्षेत्र के लोग लगातार आंदोलन करते रहे। किसान, व्यापारी, स्कूली बच्चे और मरीज सभी को रोजमर्रा के आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती थी, जब सड़क पर चलना जोखिम भरा हो जाता था। उन्होंने बताया कि वे खुद भी कई आंदोलनों में शामिल रहे और सड़क निर्माण की मांग को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे।

**विधायक बनने से पहले किया आंदोलन, अब विकास कार्य को दिलाई मंजूरी**



विधायक आशाराम नेताम 2023 में पदयात्रा करते हुए

### जनता का भरोसा और संघर्ष की जीत है

विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि यह सड़क उनके लिए सिर्फ एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि जनता के भरोसे और संघर्ष की जीत है। उन्होंने कहा, जब मैं विधायक नहीं था, तब भी इस सड़क के लिए संघर्ष किया। अब विधायक बनने के बाद मेरा दायित्व है कि जनता की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा करूं। नरहरपुर-चनार सड़क का चौड़ीकरण उसी संकल्प का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में कांकेर विधानसभा क्षेत्र की अन्य जर्जर सड़कों, पुल-पुलियों और बुनियादी सुविधाओं पर भी तेजी से काम किया जाएगा।

### चौड़ीकरण की मांग पर भाजपा ने की पदयात्रा और दिया अल्टीमेटम



हरिभूमि ने प्रमुखता से आमजनता के संज्ञान में लाया था

नरहरपुर-चनार सड़क के चौड़ीकरण को लेकर की गई पदयात्रा उसी जनसंघर्ष का हिस्सा थी। हालांकि उस समय मांग को नजरअंदाज कर दिया गया, लेकिन यह मुद्दा उनके लिए प्राथमिकता में बना रहा। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद विधायक बनने पर आशाराम नेताम ने क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं को सबसे पहले एजेंडे में रखा। उन्होंने नरहरपुर-चनार सड़क को बजट में शामिल कराने के लिए शासन स्तर पर लगातार प्रयास किए। अंततः सड़क चौड़ीकरण के कार्य को स्वीकृति मिली और अब आज इस बहुप्रतीक्षित कार्य का भूमिपूजन होने जा रहा है।

## चॉवडी पुलिया के पास ट्रक और कार की भिड़ंत में चार 4 घायल



**ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज विवेचना जारी**

**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। चारामा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चॉवडी पुलिया के पास बुधवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में कार सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम छोटेबेठिया धरमपुर पीव्ही 92 निवासी 20 वर्षीय आकाश मंडल अपने तीन दोस्तों प्रीतम मंडल, जयंत किर्तनीया और राजू यादव के साथ 7 जनवरी की सुबह करीब साढ़े 8 बजे अपनी कार क्रमांक सीजी 05 एई 4077 से खरीदारी करने रायपुर जा रहे थे। उनकी कार ग्राम चॉवडी पुलिया के पास पहुंची, रायपुर की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 05 एजे 6422 के चालक ने लापरवाही और अत्यधिक गति से वाहन चलाते हुए कार को सामने से सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार अनियंत्रित होकर पुलिया से जा टकराई, जिससे वाहन के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में कार में सवार चारों युवकों आकाश मंडल को सीने में तेज दर्द और अंदरूनी चोटें, प्रीतम मंडल के आंख के पास गहरी चोट, जयंत किर्तनीया के कान से खून बहने लगा और गंभीर अंदरूनी चोटें और राजू यादव के सिर में गंभीर चोट आई है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल ▶▶|शेष पेज 10 पर

# बासनवाही केंद्र में जगह की कमी से धान खरीदी बंद होने की नौबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

सरकारी खरीदी केंद्रों से धान का समय पर उठाव नहीं होने के कारण

- किसान हो रहे परेशान, परिवहन की मांग

केंद्रों में भारी मात्रा में धान जमा हो गया है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि गोदामों के साथ-साथ खुले परिसरों में भी रखने की जगह लगभग भर चुकी है। यदि शीघ्र ही धान का परिवहन नहीं कराया गया, तो खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह ठप होने की आशंका जताई जा रही है। खरीदी केंद्र की स्थिति को देखकर किसान भी परेशान हो रहे है। बासनवाही खरीदी केंद्र में कुल 856



किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से अब तक 536 किसान अपनी फसल बेच चुके हैं, जबकि 320 किसान अभी शेष हैं। केंद्र को इस सीजन में 60 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य मिला है, लेकिन अब तक केवल 32845.20 क्विंटल धान की ही खरीदी हो सकी है। शेष धान की खरीदी तब तक संभव नहीं हो पाएगी, जब तक पहले से संग्रहित धान का उठाव नहीं हो रहा है। केंद्र प्रभारियों का कहना है कि धान उठाव की समस्या को लेकर बार-बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है, लेकिन परिवहन व्यवस्था सुचारु नहीं हो पा रही है। ट्रकों और अन्य संसाधनों की कमी के कारण धान लंबे समय से केंद्रों में जमा पड़ा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द धान का उठाव कराया जाए, ताकि खरीदी व्यवस्था नियमित रूप से संचालित हो सके। किसानों का कहना है कि यदि उठाव की गति में तेजी नहीं लाई गई तो बड़ी संख्या में किसानों का ▶▶|शेष पेज 10 पर

### मौत व घायलों के प्रकरणों पर आर्थिक मदद स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम परिजन के लिए 25 हजार रूपएं और सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के लिए 10-10 हजार रूपएं कि आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। डौण्डी तहसील जिला बालोद के ग्राम तुमड़ीसुर निवासी रामदेव दरपट्टी की सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पिता परसुराम दरपट्टी के लिए 25 हजार रूपएं की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार डौण्डी तहसील जिला बालोद के मरकाटोला निवासी सदाराम कोटपरिया, आमाबेड़ा तहसील के ग्राम उसेली निवासी बिसनाथ सलाम, सूरजलाल सलाम और श्रवण सलाम, आमाबेड़ा तहसील के ग्राम पुसागांव के नरेन्द्र कुमार ध्रुव तथा ग्राम उसेली के सगउराम तारम को सड़क दुर्घटना में घायल होने पर 10-10 हजार रूपएं की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

## मुख्य मार्ग पर झुके पेड़ से हादसे संभावित, शासन-प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

शासन और प्रशासन की कुंभकर्णी नींद तब खुलती है जब कोई बड़ा हादसा हो जाता है। पखांजुर का झुका वटवृक्ष इसी इंतजार कि गवाही दे रहा है। नया बाजार मुख्य मार्ग पर मौत बनकर झूल रहा यह विशालकाय वटवृक्ष राहगीरों की गर्दन पर तलवार की तरह लटक रहा है, लेकिन संबंधित विभाग फाइलों में उलझे हुए हैं।



ग्रामीणों ने 23 अगस्त 2024 को ही प्रशासन को आगाह कर दिया था। पखांजुर निवासी दीपक दास, राजेश नायर और एसके साहा व अन्य जागरूक नागरिकों ने लिखित आवेदन देकर इस खतरे को हटाने की गुहार लगाई थी। इसके जवाब में नगर पंचायत ने 17 अक्टूबर 2024 को वन विभाग, लोक निर्माण विभाग और बिजली विभाग को पत्र तो लिखा, लेकिन वह पत्र शायद धूल फांक रहा है। यह वटवृक्ष न केवल सड़क को अवरुद्ध कर रहा है, बल्कि बिजली की हाई-टेंशन लाइनों के ऊपर भी झुका हुआ है। थोड़ी सी भी आंधी या बारिश इस पेड़ को ▶▶|शेष पेज 10 पर

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 3 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।
समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।
नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

## प्रशिक्षण से युवकों को मिली वर्दी की राह

# जंगलवार कॉलेज के नि:शुल्क प्रशिक्षण से 12 युवक बने आरक्षण व 5 होमगार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जंगलवार कॉलेज के प्रशिक्षकों की मेहनत और समर्पण से क्षेत्र के युवाओं को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। कॉलेज के प्रशिक्षकों ने उच्च अधिकारियों से अनुमति प्राप्त कर सिंगारभाट एवं आसपास के गांवों के युवाओं को आरक्षक और होमगार्ड बनने के लिए निःशुल्क विशेष प्रशिक्षण दिया।

इस प्रशिक्षण का सकारात्मक परिणाम सामने आया, जिसमें 12 प्रतिभागी का चयन आरक्षक पद के लिए तथा 5 प्रतिभागी का चयन होमगार्ड के लिए हुआ। कार्यक्रम के दौरान जंगलवार कॉलेज के पदस्थ डीएसपी अमर सिंह कुर्रे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि सही मार्गदर्शन, निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

उन्होंने चयनित छात्रों से अपने अनुभव साझा करने का आग्रह किया, ताकि आने वाले समय में अन्य युवा भी उनसे प्रेरणा ले सकें। चयनित प्रतिभागियों ने अपना अनुभव भी शेयर किया। जंगलवार कॉलेज में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जहां आरक्षक के लिए चयनित में याशु पराग, प्रतीक पराग, देवकरन नेताम, अविनाश सलाम, प्रीतम सोरी,धरंजय नेताम, विजय कुमार, रूपेश कुमार, गोमती, आरती नरेटी, विकेश्वरी, अनिशा मिंज और नगर सेना में चयनित यास्मीन सलाम, देविका, गोमती, आरती बघेल और मेघा बघेल को सम्मानित किया। डीएसपी रमेश येरवार ने प्रशिक्षक चंद्रप्रकाश प्रजापति, प्रीतम, लालाराम, अन्य प्रशिक्षक एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।



### नियमित अभ्यास ही सफलता की कुंजी

जंगलवार कॉलेज प्रशासन द्वारा यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क प्रदान किया गया था, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवा भी पुलिस विभाग में जाने का सपना पूरा कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान शारीरिक दक्षता, दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, लिखित परीक्षा की तैयारी एवं मानसिक मजबूती पर विशेष ध्यान दिया गया।

### फोर्स में जाने वाले युवाओं से अपील

जंगलवार कॉलेज प्रशासन ने फोर्स में जाने वाले युवाओं से अपील किया है कि कॉँलेज के प्रशिक्षकों के द्वारा तैयारी शुरू करवाई जाएगी, इसके लिए जिले का कोई भी युवा जंगलवार कॉलेज प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। कॉलेज द्वारा आगे भी इसी प्रकार निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### व्हीएसके ऐप इंस्टॉल का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन भानुप्रतापपुर के शिक्षकों द्वारा निजी मोबाइल में व्हीएसके ऐप अनिवार्य रूप से इंस्टॉल कराए जाने के विरोध में मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री व प्रमुख सचिव के नाम से विकासखंड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर रेखराम सिवाना, प्रदीप दास, गिरवर कुलदीप, विमल बघेल, मनोज सिंह मंडावी,पुनेन्द कुलदीप,कमल नारायण कोमरे, अनिल नेताम, जमुना कोड़ोपी, ठनेश्वरी साहू,कांति नरेटी,निर्मला मंडावी, लेवती उयके, कमला साहू,संगीता सहारे,रंजना ध्रुव उपस्थित रहे।

### श्रद्धांजलि योजना के तहत मिली सहायता



**सरोना।** सरोना अंतर्गत नर्सरीपारा में राज्य शासन की श्रद्धांजलि योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्व. श्यामलाल निषाद की धर्मपत्नी एवं उनके पुत्र दुर्गेश निषाद को श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत 2000 रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक पंचायत सरोना द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि कठिन समय में परिवार को कुछ सहारा मिल सके। इस अवसर पर यशवंत सुरोजिया, वार्ड पंच मुकेश रजक सहित ग्राम पंचायत के अन्य प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### साल्हेटोला में कल वार्षिक देव मेला

**कांकेर।** विकासखंड चारामा अंतर्गत ग्राम साल्हेटोला में 9 जनवरी को वार्षिक देवमेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले को लेकर ग्राम में उत्साह का माहौल है और ग्रामीण कई दिनों से इसकी तैयारियों में जुटे हुए हैं। देवमेले में आसपास के गांवों के देवी-देवताओं को विधिवत निमंत्रण दिया गया है। पारंपरिक पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मेले की शुरुआत की जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल होंगे।

### कुंभकार समाज की बैठक में परिचय सम्मेलन पर चर्चा



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के गोंडवाना भवन में कोसरिया कुंभकार समाज का बैठक आयोजित किया गया था। बैठक के दौरान फरवरी में बस्तर के क्रांतिकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कंगलू कुम्हार के पुण्य तिथि को प्रदेश स्तरीय पर दुर्गुकोंदल में मानने की निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया, जिसके लिए कुंभकार समाज के प्रतिनिधि रायपुर मुख्यमंत्री निवास जाने निर्णय लिया गया। कुंभकार समाज ने सामुहिक विवाह और युवक युवती परिचय सम्मेलन करने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कि गई है। बैठक में प्रदेशस्तर के कोसरिया कुंभकार समाज के पदाधिकारी अर्जुन सिंह चक्रधारी, हरेश चक्रधारी, वकील कुंभकार, दिलीप चक्रधारी, मन्नू चक्रधारी, सुनत चक्रधारी, जयपाल चक्रधारी, नीलकंठ चक्रधारी, कृष्णा चक्रधारी, दशरू चक्रधारी, रघुनाथ चक्रधारी, प्रताप चक्रधारी, लोकेश चक्रधारी व अन्य उपस्थित रहें।

**महोत्सव : पीएम आवास निर्माण की जानकारी दी**

# चावल महोत्सव, रोजगार और आवास दिवस का किया गया संयुक्त आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल



- प्रतिमाह 7 तारीख को किया जाएगा आयोजन

विकासखंड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत 44 ग्राम पंचायतों में चांवल महोत्सव दिवस मनाया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में शासन के निर्देशानुसार चांवल महोत्सव, महात्मा गांधी नरेगा के रोजगार दिवस तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास दिवस का संयुक्त आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का निर्माण समय-सीमा में पूर्ण कराना, लाभार्थियों में जागरूकता लाना तथा निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान करना रहा।

शासन द्वारा प्रत्येक माह की 7 तारीख को आवास दिवस आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में दुर्गुकोंदल विकासखंड के सभी ग्राम पंचायतों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जनपद सदस्यों, सरपंचों, पंचायत पदाधिकारियों एवं समाज प्रमुखों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों की सूची का वाचन किया गया तथा पात्र हितग्राहियों का सम्मान कर उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में आवास निर्माण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

विशेष रूप से किस्त हस्तांतरण की प्रक्रिया, आवास निर्माण में सामग्री की उपलब्धता, तकनीकी समस्याएं, भूमि संबंधी अड़चनें एवं अन्य प्रशासनिक बाधाओं के निराकरण पर जोर दिया गया। पंचायत पदाधिकारियों को आवास निर्माण से जुड़े दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई, ताकि कार्यों में पारदर्शिता एवं गति बनी रहें।

इसके साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत रोजगार दिवस के रूप में मजदूरी भुगतान, रोजगार उपलब्धता एवं श्रमिकों कि समस्याओं पर चर्चा की गई। मनरेगा के माध्यम से आवास निर्माण में मिलने वाले रोजगार को लेकर भी ग्रामीणों को जागरूक किया गया, ताकि अधिक से अधिक श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर काम मिल सकें। चांवल महोत्सव के अवसर पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण, हितग्राहियों की जानकारी का सत्यापन एवं योजनाओं के लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित टोल फ्री नंबरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, जिससे लाभार्थी किसी भी समस्या की स्थिति में सीधे संपर्क कर सकें।

आयोजन के दौरान प्राप्त प्रकरणों एवं शिकायतों को मौके पर ही सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। ग्रामीणों ने इस संयुक्त आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि एक ही मंच पर विभिन्न योजनाओं की जानकारी और समाधान मिलने से उन्हें काफी सुविधा हुई है।

# अहंकार व अभिमान से कथा सुनने से पुण्य नहीं मिलता है : देवव्रत शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर



मंगलम भवन में आयोजित श्रीमद देवी भागवत कथा के पंचम दिवस बुधवार को पंडित देवव्रत शास्त्री भागवताचर्य एवं ज्योतिषाचार्य ने पंचमी स्कन्द माता की पूजा, महिषासुर मोक्ष, एवं अनन्य देवियों की कथा विस्तार से बताई गई।

आयोजक शिव शक्ति समिति के सभी सदस्य अभय पांडेय, कुन्दन साहू, शिव शंकर देहारी, भीखम आरदे, जय शर्मा, अजय शर्मा सहित प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोग देने भक्तजनों कि प्रशंसा करते हुए महाराज ने कहा जिस तरह भागीरथी ने अपने पूर्वजों के उद्धार के लिए माँ गंगा को धरती पर लाया है, उसी तरह शिव शक्ति समिति भी नगर सहित क्षेत्र के भक्तो के कल्याण के लिए 2 जनवरी से मंगलम भवन में श्रीमद देवी भागवत कथा के माध्यम से गंगा प्रवाहित हो रहे है, जिसमे नगर सहित क्षेत्र के सैकड़ों भक्तजन डुबकी लगाते हुए अपने जीवन को सार्थक कर रहे है। जीवन के दिनचर्या में सुबह उठने का महत्व बताया गया। हमेशा लोगो को मीठा वाणी बोलना चाहिए,मा भगवती की कृपा होगी तो रोग भी दूर हो जाएगी। महाराज जी ने स्रोताओं से कहा कि तीर्थयात्रा से 100 गुना पूण्य प्राप्त होता है वही देवी भागवत श्रवण मात्रा से 1000 गुना पूण्य प्राप्त होती है। माता से बढ़कर संसार मे कोई नही हो सकता वह अपने बच्चे की हर गतिविधि को समझ जाता है। व्यास जी महाराज देवी भागवत में कहते है कि अभिमान अहंकार से कथा सुनने से पुण्य की प्राप्ति नही होती। मानव शरीर का एक पल के भी कोई गिनती नही है कब क्या हो जाए। बड़े पूण्य से यह जीवन मिला है। माँ भगवती ही इस भव सागर से पार करने का एकमात्र रास्ता है। क्योंकि दुनिया मे हम सब खाली हाथ आए है और खाली हाथ ही जाना है, देवी भागवत कथा से कमाए पूण्य ही आपके काम आएगा। महाराज ने कहा कि सांसारिक मनुष्य एवं ऋषि संतो में काफी अन्तर ऋषि संतो समाज एवं लोककल्याण के कार्य करते है जबकि मनुष्य केवल अपने स्वार्थ सिद्धि तक सीमित है।

# जल संसाधन विभाग की लापरवाही से अटका 6 माह से भुगतान, जनकपुर में की थी मजदूरी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

विकास के दावों के बीच जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की तानाशाही और लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। विकासखंड के जनकपुर जलाशय में नहर नाली निर्माण कार्य कराए 6 महीने बीत चुके हैं, लेकिन आज भी दर्जनों ग्रामीण अपनी मेहनत की कमाई के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। विडंबना यह है कि जब ग्रामीण अपनी फरियाद लेकर कार्यालय पहुँचते हैं, तो साहब मुख्यालय से नदारद मिलते हैं। ग्रामीणों ने विभाग के एसडीओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि जनकपुर जलाशय में नाली खुदाई का कार्य नियमानुसार मनरेगा के तहत मजदूरों से कराया जाना था। लेकिन नियमों को ताक पर रखकर अधिकारियों ने मशीनीकरण को बढ़ावा दिया और जेसीबी मशीन से खुदाई का कार्य संपन्न कराया। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि मशीन से कार्य कराकर उनके हक के रोजगार को छीना गया और अब भुगतान के नाम पर उन्हें दौड़ाया जा रहा है। ग्रामीण पुरुषोत्तम, नमेंद्र, अनिल, सावंत, जागेश्वर, नारायण, माखन, सुखेन्द्र, संतोष, तामेश्वरी, ममता, सावित्री, बिमला, अनिता, नरसो, कुमारी, साधना और सुरेंद्र ने अपना दुखड़ा सुनाते हुए बताया कि विभाग पर उनकी कुल 34 हजार 452 रुपएं की मजदूरी बकाया है। सिर्फ मजदूरी ही नहीं, बल्कि ट्रैक्टर मुरुम कार्य का भुगतान अटका है। डोजर और ट्रैक्टर फिलिंग का पैसा नहीं मिला है। जल्द मजदूरी का आश्वासन देकर कार्य कराया गया था, किंतु महीनों बाद भी भुगतान नहीं किया गया है। अधिकारी ने पहले कहा की कार्य बंद हो गया है, जैसे चालू होगा तो भुगतान किया जाएगा। अब तो ना कार्यालय में मिलते है ना ही फोन उठाते है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जल संसाधन विभाग के अधिकारी अक्सर मुख्यालय से नदारद रहते हैं। सिंचाई का सीजन हो या निर्माण कार्यों की देखरेख, अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण क्षेत्र के किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मजदूरों का कहना है कि वे पिछले 6 महीनों से जल संसाधन कार्यालय की देहरी घिस रहे हैं, लेकिन खाली कुर्सी के अलावा उन्हें कुछ हासिल नहीं होता। हम गरीब लोग मजदूरी के भरोसे अपना घर चलाते हैं। 6 महीने से विभाग हमें गुमराह कर रहा है। जब भी ऑफिस जाते हैं, साहब मिलते ही नहीं। हमारी सुनने वाला कोई नहीं है। एक तरफ़ सरकार मनरेगा में 150 दिन का कार्य देने की बात करती है लेकिन उसका भुगतान पाने में लोगो के पशीने छूट जाते है।



# मेला-मड़ई में खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण, अमानक खाद्य सामग्री नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

कांकेर मेला मड़ई के दौरान खाद्य सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में मेला परिसर एवं आसपास संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन के लिए संबंधित संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा मेला परिसर के आसपास स्थित रेस्टोरेंट एवं बिरयानी सेंटर से खाद्य नमूनों का संकलन किया गया। साथ ही मेला परिसर में संचालित फास्ट फूड सेंटरों का निरीक्षण कर खाद्य नमूने लिए गए। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर अमानक खाद्य पदार्थों को मौके पर ही नष्ट कराया गया। पाव ब्रेड एवं कटी हुई सब्जियां साफ एवं सुरक्षित न पाए जाने के कारण तत्काल नष्ट करवाई गईं। मानकों का पालन नहीं करने वाले रेस्टोरेंट संचालकों को नोटिस जारी किए गए। इसके साथ ही मेला परिसर में समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि मेला अवधि के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए खाद्य पदार्थों का निर्माण एवं विक्रय करें। अनियमितता पाए जाने की स्थिति में नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिला अभिहित अधिकारी सुष्मित देवांगन ने बताया कि मेला अवधि के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा निरंतर निरीक्षण जारी रहेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं टीम को निर्देशित किया गया है कि समय-समय पर निरीक्षण कर अनियमितताओं पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

### ग्रामीण की मौत अज्ञात कारण

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत भैसमुण्डी निवासी 53 वर्षीय जीवन कोड़ोपी पिता स्व. रंजन सिंह कोड़ोपी का अज्ञात कारणों के चलते 5 से 6 जनवरी कि रात को मौत हो गया। भैसमुण्डी निवासी दीपक कोड़ोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक का शव उसके घर में कमरा में पड़ा हुआ था। मौत कैसे हुआ यह अज्ञात है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# प्रयास आवासीय व एनएमएसई परीक्षा के लिए शिक्षकों ने बनाई ठोस रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन प्रयास आवासीय प्रवेश परीक्षा एवं एनएमएसई नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा की तैयारी को प्रभावी बनाने के लिए किया गया, ताकि क्षेत्र के छात्र-छात्राएं इन परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की और आगामी परीक्षाओं के लिए रणनीति को और तेज करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि स्कूल स्तर पर चल रही तैयारियों को गति देने के लिए छात्रों को आवश्यक अध्ययन सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जाएगी। जिन विद्यार्थियों के पास पुरानी किताबें उपलब्ध नहीं हैं, उनके अभिभावकों से संपर्क कर आवश्यक पुस्तकों की व्यवस्था शीघ्र करने का अनुरोध किया जाएगा और साथ ही पाठ्यक्रम को समयबद्ध रूप से पूर्ण कर नियमित पुनरावृत्ति रिवीजन कराने पर विशेष जोर दिया गया। प्रत्येक विद्यालय में प्रतिदिन विशेष कालखंड आयोजित किए जाएंगे, जिनमें छात्रों की कमजोरियों की पहचान कर उन पर केंद्रित अभ्यास कराया जाएगा। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की प्रगति पर निरंतर नजर रखने के लिए साप्ताहिक टेस्ट आयोजित करने का भी निर्णय लिया। इन परीक्षणों के माध्यम से कमजोर विषयों और अध्यायों की पहचान कर अतिरिक्त अभ्यास कराया जाएगा। इसके साथ ही गत वर्ष प्रयास परीक्षा के कटऑफ अंकों पर चर्चा कर इस वर्ष की रणनीति तय की गई। विद्यार्थियों की तर्कशक्ति और समस्या समाधान क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेयर टुगेदरी प्रश्नोत्तरी का दैनिक अभ्यास अनिवार्य करने पर भी सहमति बनी। बैठक का एक अहम निर्णय प्रयास आवासीय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों की एक कोर टीम के गठन का रहा। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने कहा कि यह पहल न केवल तैयारी को व्यवस्थित करेगी, बल्कि शिक्षकों के बीच अनुभव और ज्ञान साझा करने का प्रभावी माध्यम भी बनेगी। उन्होंने पालकों और जनप्रतिनिधियों से भी अपील की कि वे घरों में अध्ययन का अनुकूल वातावरण बनाकर विद्यार्थियों को पूरा सहयोग दें, जिससे बच्चे बेहतर परिणाम प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें।

**पेज 09 के शेष...**

### चॉवडी पुलिया के पास...

पहुँचाया गया। पीड़ित आकाश मंडल की शिकायत पर चारामा पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 (ए) और 281 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर विवेचना शुरू कर दी है।

### बासनवाही केंद्र में...

धान बिक नहीं पाएगा, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कितनी जल्दी संज्ञान लेकर धान उठाव की व्यवस्था दुरुस्त करता है, ताकि किसानों को राहत मिल सके और खरीदी कार्य बाधित न हो।

### कुएं में गिरने...

2026 के मध्य कुआं में गिर गया था। मृतक का दिमागी स्थिति सही नही था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### मुख्य मार्ग पर...

धराशायी कर सकती है, जिससे सड़क पूरी तरह बंद हो जाएगी। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग अनुमति के नाम पर देरी कर रहा है, तो लोक निर्माण और बिजली विभाग समन्वय की कमी का रोना रो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कड़े लहजे में पूछा है कि /"क्या प्रशासन किसी लाश के गिरने का इंतज़ार कर रहा है? जब खतरा साफ दिख रहा है और जड़ें हिल चुकी हैं, तो अनुमति और प्रक्रिया के नाम पर जन सुरक्षा को दांव पर लगाना सीधे तौर पर प्रशासनिक अपराध है। पखांजुर की जनता अब और इंतजार करने के मूड में नहीं है। प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही इस वटवृक्ष को सुरक्षित तरीके से नहीं हटाया गया, तो किसी भी अनहोनी की पूरी जिम्मेदारी नगर पंचायत, वन विभाग और लोक निर्माण विभाग प्रशासन की होगी।

**किसान एक सप्ताह से कार्यालय का चक्कर काट रहे**

# सिंचाई पानी की अनुमति के लिए किसान परेशान, अधिकारियों से नहीं हो रही भेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर





जल संसाधन विभाग के अमले के नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई से संबंधित अनुमति के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान चक्कर लगा रहे है, परंतु अनुमति नहीं मिल पा रही है।

पीड़ितो में संबलपुर निवासी किसान अमोला बाई पिता शम्भूराम के अनुसार उनकी कृषि भूमि खसरा नंबर 212/2, रकबा 0.4250 हेक्टेयर चवेला नदी के किनारे स्थित है। इसके बावजूद उड़द फसल की सिंचाई के लिए नलकूप अनुमति नहीं मिल पाई है। किसान एक जनवरी से लगातार जल संसाधन कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन अधिकारी से मुलाकात नहीं होने के कारण उन्हें आर्थिक व मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। ग्राम घोठा निवासी चैत राम पिता लाल सिंह भी अपनी कृषि भूमि खसरा नंबर 1214/4, रकबा 0.50 हेक्टेयर में उड़द व मक्का फसल की सिंचाई अनुमति के लिए पिछले 3 से 5 दिनों से कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। अधिकारियों के नहीं मिलने से उनका कार्य अटका हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि अनुविभागीय अधिकारी अक्सर कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते, जिससे किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि नलकूप की स्वीकृति न मिलने से फसलें सूखने की कगार पर हैं। किसान पूरी तरह बारिश पर निर्भर हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित हो रहा है। पानी के अभाव में धान, सब्जी व अन्य मौसमी फसलें नष्ट हो रही हैं और किसानों की आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है। राजनैतिक संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि किसानों के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग की उदासीनता के कारण किसान परेशान हैं। यदि शीघ्र सिंचाई अनुमति नहीं दी गई तो किसानों के साथ मिलकर जल संसाधन विभाग के खिलाफ प्रदर्शन और कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

# कोतवाली पुलिस ने किया 18 लीटर शराब बरामद और दो पर कार्रवाई





**कांकेर।** शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक गतिविधियों पर लगाम कसने के उद्देश्य से कांकेर पुलिस द्वारा लगातार सघन पेट्रोलिंग एवं निगरानी अभियान चलाया जा रहा है। शराबियों, नशेड़ियों, गजेड़ियों एवं अवैध शराब तथा नशीले पदार्थों का सेवन कर उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पुलिस की सतत कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

इसी क्रम में थाना कांकेर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आबकारी एक्ट के तहत दो आरोपियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस थाना कांकेर द्वारा लगातार शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोलिंग के दौरान वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान 6 जनवरी को मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर ग्राम अर्जुनी बड़ेपारा स्थित अटल चौक के पास दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान बड़ेपारा अर्जुनी निवासी 36 वर्षीय सुरेखा निषाद पति सुरेश निषाद तथा डिपुरापारा गढ़पिछवाड़ी निवासी 34 वर्षीय विष्णु सलाम पिता स्वर्गीय गणेश सलाम को अवैध रूप से महुआ शराब का परिवहन एवं संग्रहण करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 18 लीटर महुआ शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1,800 रुपये बताई जा रही है। बरामद शराब को मौके पर ही जब्त कर लिया गया तथा दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में भय का माहौल देखा जा रहा है। थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में की गई इस संपूर्ण कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक सोमेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक गितेश्वर कुलदीप, आरक्षक पुरन साहू एवं गजेन्द्र नागवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम ने मुस्तैदी और सूझबूझ से कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

## खबर संक्षेप

### व्हीएसके एप का शिक्षक संगठनों ने किया विरोध



**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति एवं शैक्षणिक कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए व्हीएसके एप लागू किया गया है, जिसे शिक्षकों के निजी मोबाइल फोन में अनिवार्य रूप से इंस्टॉल एवं उपयोग करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसी के विरोध में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, शिक्षक संघ एवं शालेय शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वाधान में मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी दुर्गुकोंदल को सौंपा गया। फेडरेशन द्वारा बताया कि ज्ञापन के माध्यम से यह स्पष्ट किया गया है कि संगठन को ऑनलाइन उपस्थिति अथवा मॉनिटरिंग व्यवस्था के सिद्धांत से कोई आपत्ति नहीं है, बल्कि शिक्षकों के निजी मोबाइल फोन में व्हीएसके एप को अनिवार्य रूप से इंस्टॉल कराए जाने पर कड़ा विरोध है। उनका कहना है कि यह निर्णय शिक्षकों की निजता और व्यावहारिक परिस्थितियों के विपरीत है।

### घायल की मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** छोटेबेठिया थानांतर्गत तोड़हुर निवासी 22 वर्षीय महेश कवड़ो पिता साधुराम कवड़ो का इलाज के दौरान 22 दिसंबर को अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। चोट गंभीर होने के कारण मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### राज्य स्तरीय स्पर्धा में कांकेर के 3 बच्चों का रहा दबदबा



**कांकेर।** 12 वीं राज्य स्तरीय अबेकस प्रतियोगिता में कांकेर शहर के बच्चों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में कांकेर सेंटर के तीन छात्रों ने मात्र 8 मिनट में गणित के 200 सवाल हल कर प्रदेश भर से आए लगभग 2 हजार प्रतिभागियों के बीच तीसरा, चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। कांकेर यूसीमास सेंटर की संचालिका निकिता श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रा सौम्या लोन्हारे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन्होने लगातार दूसरे वर्ष अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रितिका नेताम ने चौथा और यशिका नेताम ने पांचवां स्थान हासिल कर कांकेर को गौरवान्वित किया। उल्लेखनीय है कि यह लगातार तीसरा वर्ष है, जब कांकेर यूसीमास सेंटर के बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टॉप फाइव में जगह बनाने में सफल रहे हैं। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 5 से 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों ने अलग-अलग श्रेणियों में भाग लिया। कांकेर से कुल 15 बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### महोत्सव के रूप में मनाया गया रोजगार दिवस

**बीजापुर।** जिले की ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत नए प्रावधानों से अवगत कराने एवं प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु प्रोत्साहित करने रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन महोत्सव के रूप में किया गया।

# बस्तर के कोने-कोने तक शांति और खुशहाली लाने शासन प्रतिबद्ध : उपमुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा आज बीजापुर जिले के अतिसंवेदनशील ग्राम कुटरू पहुंचे, जहां उन्होंने नियद नेल्ला नार के अन्तर्गत सम्मिलित पंचायतों के विकास हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों के साथ बैठक की। इस बैठक में बीजापुर जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों से आये ग्रामीण जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुख गायता, सिरहा, पुजारी, बैगा आदि शामिल हुए।

इस दौरान उप उपमुख्यमंत्री ने सभी से मुलाकात कर उनका अभिवादन किया। उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हिंसा के साथ विकास करना कभी भी संभव नहीं रहा है। आज बस्तर अंचल के कोने कोने में हर गांव में शांति और खुशहाली लाने के लिए शासन पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। बस्तर में शांति के लिए आवश्यक है कि माओवादी विचारधारा के प्रभाव में आकर भटके युवा वापस आये और पुनर्वास का रास्ता अपना कर ग्राम और देश के विकास में अपना योगदान दें।

उन्होंने आगे कहा कि शासन द्वारा बस्तर अंचल के सभी ग्रामों के विकास के लिए ग्राम स्तर पर विकास के मॉडल तैयार किए जा रहे हैं। जिसके तहत ग्राम की महिला समूहों और युवाओं को सक्षम बनाकर स्थानीय वनोपजों के प्रसंस्करण का कार्य गांव में किया जाएगा, जिससे ग्रामीण वनोपज संग्राहक से उत्पादक और उत्पादक से व्यवसायी बनेंगे और अपने उत्पादों का स्वयं प्रसंस्करण कर वनोपजों का उचित मूल्य भी प्राप्त करेंगे। गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए नियद नेल्ला नार योजना शुरू की गई है, जहां स्थानीय कैम्प



विकास का केंद्र बन गए हैं और गांव में विकास कार्यों को संचालित कर रहे हैं। इसके साथ ही गांव गांव में शासकीय योजनाओं की संतृप्तता का कार्य करते हुए हर योजना का लाभ प्रत्येक ग्रामीण को दिलाया जा रहा है।

उन्होंने समाज प्रमुखों से अपील की कि वे जंगलों में माओवादी गतिविधियों में सम्मिलित अपने ग्राम के युवाओं को समझाएं और पुनर्वास कराएं। ऐसे ग्राम जो अपने सभी सदस्यों को मुख्यधारा में लाकर ग्राम को सशस्त्र नक्सल हिंसा से मुक्त घोषित करेंगे, उन ग्रामों में इलवद पंचायत योजना के तहत 1 करोड़ रुपए की राशि अतिरिक्त विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर ग्राम पंचायत केतुलनार पेठा, मंगापेठा रानी बोली, अंबेली और दरभा जो नक्सल मुक्त होने के कगार पर है उन्हें नक्सल मुक्त होने का प्रस्ताव भेजने को कहा गया। ताकि इलवंद गांव के रूप में उनका विकास किया जा सके।

बैठक में उपमुख्यमंत्री ने समाज प्रमुखों स्व उनके ग्रामों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, आवास, रोजगार एवं आजीविका संवर्धन की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की, जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि आज तक उनके ग्रामों में नक्सल गतिविधियों के कारण विकास नहीं पहुंच पाया था पर अब उनके ग्रामों तक सड़क, बिजली जैसी सुविधाएं मिलने लगी हैं, जिससे वे बहुत खुश हैं। कार्यक्रम में बीजापुर की ग्रामीण महिला स्व सहायता समूहों द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई थी। जिसका अवलोकन करते हुए उपमुख्यमंत्री ने उनके खाद्य उत्पादों का भी स्वाद लिया और वनोपजों के बेहतर प्रसंस्करण और बाजार उपलब्धता पर चर्चा की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा,एडीजी नक्सल आपरेशन विवेकानंद सिन्हा,पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह आईजी सुंदरराज पी एवं संचालक अश्विनी देवांगन, कलेक्टर संबित मिश्रा, डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णन वाय सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे सहित ग्रामों के समाज प्रमुख , जनप्रतिनिधि गण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने किया जिले के शैक्षणिक संस्थाओं का आकस्मिक निरीक्षण

# शिक्षा गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने बुधवार को जिले के विभिन्न शैक्षणिक एवं अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छू लो आसमान, एजुकेशन सिटी, स्विमिंग पुल, क्रिकेट ग्राउंड तथा बड़े कारली स्थित पूरक पोषण आहार यूनिट (रेडी-टू -ईट) का अवलोकन किया।

कलेक्टर ने निरीक्षण की शुरुआत छू लो आसमान संस्थान से की, जहां उन्होंने अध्ययनरत छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं शैक्षणिक तैयारियों की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान में लाइब्रेरी एवं रीडिंग रूम के निर्माण के निर्देश दिए तथा जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विभिन्न लेखकों की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए कॉमन हेल्थ, मानसिक स्वास्थ्य एवं बच्चों की नियमित काउंसलिंग कराए जाने के निर्देश



दिए। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर विशेष उपलब्धि प्राप्त व्यक्तियों के माध्यम से मार्गदर्शन एवं प्रेरक काउंसलिंग सत्र आयोजित करने तथा सप्ताह में एक दिन छात्राओं को जिले के विभिन्न स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण करवाने के निर्देश भी दिए, ताकि उनमें आत्मविश्वास एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा विकसित हो सके।

कलेक्टर ने एजुकेशन सिटी स्थित आस्था इंग्लिश मीडियम स्कूल जावंगा का निरीक्षण किया। उन्होंने शाला परिसर का भ्रमण करते हुए विभिन्न कक्षाओं एवं साइंस लैब का अवलोकन किया। संस्था में दर्ज विद्यार्थियों को मानक (नॉर्म्स) के अनुरूप कक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आवश्यक आधारभूत संरचना निर्माण को लेकर चर्चा कर सहमति व्यक्त की गई।

कलेक्टर ने आस्था जावंगा में कक्षाओं एवं आवासीय व्यवस्था के विस्तार तथा शिक्षकों की भर्ती के भी निर्देश दिए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। इसी क्रम में कलेक्टर ने खेल मानकों के अनुरूप निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम एवं स्विमिंग पूल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्रिकेट स्टेडियम में शेड, पवेलियन, गैलरी, बाउंड्रीवाल निर्माण तथा स्टेडियम में लाइटिंग व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने बड़े कारली स्थित रेडी टू ईट यूनिट का भी अवलोकन किया। यह रेडी टू ईट यूनिट उमंग क्षेत्रीय स्तरीय संघ मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह द्वारा संचालित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यूनिट की तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं समूह की महिलाओं से विस्तृत चर्चा की।

# पंचायतों के आवास दिवस से हितग्राहियों को मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर

राज्य शासन के निर्देशानुसार आवास योजनाओं को गति देने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 7 जनवरी को जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के समस्त ग्राम पंचायतों में आवास दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर जहाँ कई परिवारों का अपने पक्के घर का सपना साकार हुआ, वहीं नए हितग्राहियों को उज्ज्वल भविष्य की सौगात मिली। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में उत्सव का माहौल रहा। नवनिर्मित आवासों के पूर्ण होने पर हितग्राहियों का पारंपरिक विधि-विधान से गृह प्रवेश कराया गया। प्रशासन की ओर से उन्हें प्रतीकात्मक चाबियाँ सौंपी गईं। नए पात्र परिवारों को आवास के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। आगामी निर्माण कार्यों के लिए भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ग्राम सभाओं में पात्र हितग्राहियों की सूची पढ़कर सुनाई गई, जिससे ग्रामीणों में शासन के प्रति विश्वास और बढ़ा। आज के दिन को और भी महत्वपूर्ण बनाने के लिए आवास दिवस के साथ-साथ रोजगार दिवस का भी आयोजन किया गया। इसमें महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत श्रमिकों को मजदूरी भुगतान की स्थिति की जानकारी दी गई। योजना से मिलने वाले अन्य लाभों के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों और विकासखंड समन्वयकों ने विभिन्न पंचायतों का दौरा कर कार्यक्रमों का जायजा लिया। कार्यक्रम अधिकारी ने विशेष रूप से ग्राम पंचायत विवेकानंद नगर का दौरा किया, जहाँ उन्होंने सीधे हितग्राहियों से संवाद किया और योजना की प्रगति की समीक्षा किया।

# बिलाल आदिवासियों को अपना बल न दिखाएं : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

जिले में दो आदिवासी युवकों की गिरफ्तारी को लेकर सियासी विवाद गहरा गया है। क्षेत्रीय



विधायक विक्रम शाह मंडावी ने भाजपा नेता बिलाल ख़ान और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सत्ता में आने के बाद कुछ लोगों पर सत्ता का नशा सिर चढ़कर बोल रहा है, जिसका खामियाजा निर्दोष आदिवासी समाज को भुगतना पड़ रहा है। विधायक मंडावी ने आरोप लगाया कि भोपालपट्टनम क्षेत्र के दो आदिवासी युवक संदीप तलांडी और रमेश आत्रम को बिना किसी ठोस कारण के जेल भेज दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर क्या वजह थी कि भाजपा नेता बिलाल ख़ान से मिलने उनके घर पहुंचे इन युवकों को अपराधी की तरह गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने इसे कमजोर वर्गों के खिलाफ अन्यायपूर्ण कार्रवाई बताते हुए भाजपा की नीतियों पर भी सवाल खड़े किए। मंडावी ने कहा कि राजनीति समाज और आम जनता के हित के लिए की जाती है, न कि आदिवासियों पर अत्याचार करने के लिए। उन्होंने बिलाल ख़ान को राजनीति में "कच्चा" बताते हुए कहा कि उन्हें अभी बहुत कुछ सीखने की जरूरत है और अपने जोश व जुनून का इस्तेमाल आदिवासियों के हित में करना चाहिए।

विधायक ने पुलिस की कार्रवाई को सत्ता का दुरुपयोग करार देते हुए आरोप लगाया कि जिला प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह दबाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खासकर आदिवासियों से जुड़े मामलों में निष्पक्ष जांच किए बिना ही कार्रवाई कर दी जाती है, ताकि अपने आका को खुश किया जा सके।

# आराधना हायर सेकंडरी के वार्षिकोत्सव में देशभक्ति के तराने और मोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पखांजुर

- छात्रों ने पंजाब स्थित वाघा बॉर्डर के दृश्य को मंच पर बखूबी उतारा

आराधना कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग और साहसिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से शुरू हुआ यह सफर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन तक जारी रहा। छात्रों ने पंजाब स्थित वाघा



बॉर्डर के दृश्य को मंच पर बखूबी उतारा। इसमें दिखाया गया कि कैसे हमारे वीर जवान आतंकी चुनौतियों को शिकस्त देकर तिरंगे का मान बढ़ाते हैं। अंत में छात्रों ने तिरंगा झंडा कमांडेंट अरुण सिंह गंगवार को सौंपा, जो एक भावुक और गर्व भरा क्षण था। विद्यार्थियों ने नृत्य, कराटे प्रदर्शन, ओजस्वी भाषण और शारीरिक सक्षमता का प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा तैयार उड़न खटोला की प्रस्तुति ने दर्शकों के बीच विशेष कौतूहल और प्रशंसा बटोरी।

मुख्य अतिथि अरुण सिंह गंगवार ने विद्यार्थियों के कौशल की सराहना करते हुए कहा कि यही वह समय है, जब पढ़ाई के साथ-साथ अपनी प्रतिभा, कला और शारीरिक क्षमता का विस्तार करना चाहिए।

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की प्रिंसीपल, सिस्टर मारिया, सिस्टर सौम्या के साथ-साथ धीरेंद्र पटनायक, संगीतज्ञ प्रदुमन शुक्ला, क्रीड़ा शिक्षक शोभन बनर्जी, नृत्य शिक्षिका चंदना सरकार, अंजली सतीस और शिक्षिका गरिमा शील का अथक प्रयास और मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम के अंत में हजारों की संख्या में उपस्थित अभिभावकों और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिस्टर विनीता सॉब्स ने किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में कोयलीबेड़ा के खंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार शील भी उपस्थित रहें।

# स्लम क्षेत्रों तक पहुंच रही सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना शहरी स्लम क्षेत्रों में रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद नागरिकों के लिए एक मजबूत स्वास्थ्य सुरक्षा कवच बनकर उभरी है। इस योजना का उद्देश्य उन वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुंचाना है, जो आर्थिक या सामाजिक कारणों से अस्पतालों तक नहीं पहुँच पाते।

योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्लम क्षेत्रों में नियमित रूप से स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रत्येक एंबुलेंस में डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट एवं लैब तकनीशियन की तैनाती की गई है, जिससे मौके पर ही जाँच, परामर्श और दवाओं का वितरण संभव हो सका है। इससे न केवल समय की बचत हो रही है, बल्कि आमजन को इलाज के लिए दूर-दराज नहीं भटकना पड़ रहा। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के माध्यम से महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों एवं श्रमिक वर्ग को विशेष लाभ मिल रहा है। सामान्य बीमारियों के साथ-साथ ब्लड प्रेशर, शुगर, एनीमिया जैसी समस्याओं की जाँच और उपचार भी नियमित रूप से किया जा रहा है। आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ कम हुआ है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह योजना उनके लिए किसी राहत से कम नहीं है। पहले जहां इलाज के लिए निजी क्लीनिकों पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब सरकार स्वयं उनके द्वार तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचा रही है। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से योजना का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है और निरंतर निगरानी भी रखी जा रही है। कुल मिलाकर, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितैषी सोच का सशक्त उदाहरण है, जो स्वस्थ नागरिक, सशक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को जमीनी स्तर पर साकार कर रही है। यह योजना न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच बढ़ा रही है, बल्कि शहरी गरीबों के जीवन स्तर में भी सकारात्मक बदलाव ला रही है।

# तोकापाल, परपा ग्राम में हुआ हिंदू सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोकापाल

हिंदू संगम परपा मंडल तोकापाल के माध्यम से बुधवार को परपा ग्राम में माता गुड्डी के समक्ष भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव मंदिर परपा से माताओं एवं बहनों द्वारा निकाली गई कलश यात्रा से हुई। यह यात्रा शिव मंदिर से सम्मेलन पंडाल तक निकाली गई, जहां विधिवत रूप से कलश को कार्यक्रम स्थल पर सुशोभित किया गया।

इसके पश्चात कार्यक्रम में पधारे सम्माननीय अतिथियों एवं मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती मनीषा कुलदीप सदस्या, विहंगम योग संस्थान; मातृ शक्ति सेविका, उपदेश्टा एवं प्रचारिका, जिला बस्तर रहीं। वहीं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता यज्ञ सिंह मध्य बस्तर विभाग प्रचारक एवं संभाग प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा मनमोहक गीत, भजन एवं नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। सम्मेलन में आए अतिथियों, मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता ने अपने-अपने उद्बोधन में हिंदू समाज की एकता, संस्कृति एवं मूल्यों पर प्रकाश डाला तथा हिंदू राष्ट्र की रक्षा के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया।

इस अवसर पर ग्रामवासियों के साथ-साथ परपा मंडल के सभी सदस्यों एवं अधिकारियों का विशेष योगदान रहा। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाया और आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# दीपिका सोरी ने किया उप-स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

जिले के ग्राम पंचायत अधिकारीरास के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। पिछले एक दशक 10 वर्षों से अधूरा पड़ा उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन आखिरकार जनसेवा के लिए समर्पित कर दिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सुश्री दीपिका सोरी के मुख्य आतिथ्य में केंद्र का विधिवत उद्घाटन किया गया, जिससे क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को अब घर के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

### ग्रामीणों की मांग पर त्वरित संज्ञान

अधिकारीरास पंचायत के ग्रामीणों के लिए गादीरास या सुकमा मुख्यालय जाना काफी



चुनौतीपूर्ण था। दूरी अधिक होने के कारण मरीजों, विशेषकर गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को सालों से इलाज के लिए भटकना पड़ रहा था। ग्रामीणों की इस पीड़ा को समझते हुए सुश्री दीपिका सोरी ने विशेष रुचि ली और भवन को पूर्ण करवाकर उसे चालू करवाया।

### भावुक हुए ग्रामीण, जनप्रतिनिधि का जताया आभार

उद्घाटन के दौरान जब सुश्री सोरी ने फीता काटा, तो ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बनता था। वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने सुश्री सोरी और प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त किया। सुश्री दीपिका सोरी ने इस अवसर पर कहा कि ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी यह मांग वर्षों से लंबित थी। हमारा लक्ष्य है कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को भी त्वरित इलाज मिले। आज इस केंद्र के शुरू होने से अधिकारीरास के लोगों को अब कोसों दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### स्वास्थ्य विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति

कार्यक्रम में सामुदायिक सहभागिता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डॉ. आरके सिंह, स्थानीय सरपंच सुंदर नाग, मोती राम, मोहन राम सहित क्षेत्र के पटेल, पेरमा और पुजारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अमले के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और सुपरवाइजरों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## एचसीएल हेल्थकेयर का बिजिनेस डव्लपमेंट एक्सक्यिूटिव बनकर लगाया चूना

# प्रतिष्ठित कंपनी के नाम पर फर्मा कंपनी से 5 लाख की ठगी, बेंगलुरु में खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रतिष्ठित कंपनी का नाम लेकर फर्मा कंपनी से 4 लाख 83 हजार रूपएं की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। फर्मा कंपनी के संचालक की शिकायत पर ठगी करने वालों के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मामला कांकेर थाना में दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। कांकेर के भगवती फर्मा कंपनी के संचालक आयुष तिवारी ने कांकेर पुलिस को बताया कि 3 नवंबर 2025 को एक अज्ञात व्यक्ति राज वर्धन सिन्हा ने फोन किया और अपने आपको एचसीएल हेल्थकेयर का बिजिनेस डव्लपमेंट एक्सक्यिूटिव बताया और टियर-2 एवं टियर-3 शहरों में मेडिक्लिनिक खोलने का प्रस्ताव रखा। फर्मा कंपनी के संचालक ने अपनी फर्म की जानकारी ई-मेल के माध्यम से भेजी। इसके बाद लगातार संपर्क और ई-मेल संवाद जारी रहे। 26 नवंबर को प्रहलाद ध्रुव कांकेर आए और सर्वे किया। उसके बाद जूम मीटिंग में आर. के. नारायण, जो खुद को एचओडी बताते हुए फर्मा कंपनी के संचालक से परियोजना की डिटेल साझा किया। एग्रीमेंट, एलॉट लेटर और कोटेशन भेजने के बाद फर्मा कंपनी के संचालक ने 20 दिसंबर 2025 को 4 लाख 83 हजार 513 रूपएं 26 पैसे स्टेट बैंक आफ इंडिया के खाते में ट्रांसफर किए। उन्हें विश्वास था कि यह राशि पहले विभाग के लिए है और शेष राशि बाद में भरी जाएगी।

### मीटिंग और अधिकारी फर्जी थे




फर्मा कंपनी के संचालक 3 जनवरी 2026 को बेंगलुरु स्थित एचसीएल कार्यालय में मीटिंग के लिए पहुंचे, वहां पता चला कि मीटिंग और अधिकारी फर्जी थे। असली एचसीएल अधिकारियों से मिलकर उन्होंने सच्चाई जाना और पुष्टि हुई कि यह पूरी योजना धोखाधड़ी थी। फर्मा कंपनी के संचालक ने बताया कि आरोपियों ने जीएसटी और सीआईएन नंबर भी प्रस्तुत किए थे, जो ऑनलाइन सही प्रतीत हो रहे थे, जिससे उनका विश्वास और बढ़ गया।

### शिकायत पर दर्ज हुए एफआईआर

फर्मा कंपनी के संचालक ने पुलिस से माँग किया कि राज वर्धन सिन्हा, आर. के. नारायण और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और ठगी के तहत एफआईआर दर्ज किया जाए। पुलिस ने दस्तावेजों के आधार पर राज वर्धन सिन्हा, आर. के. नारायण, प्रहलाद ध्रुव एवं अन्य के खिलाफ धारा 3 (5), 318 (4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## चोरीया में आयोजित हुई दीदी मड़ई महिलाओं ने बढ़चढ़कर लिया भाग



**सरोना।** प्रदान संस्था नरहरपुर ग्राम संगठन और ग्राम चोरीया के समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम चोरीया में दीदी मड़ई का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच हेमंत कुमार भास्कर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का अध्यक्षता ग्राम पटेल सियाराम पटेल ने किया। दीदी मड़ई के आयोजन में महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में जनपद सदस्य अमेरिका नेताम, पूर्व सरपंच सबिरा कोराम और अहिल्या कोराम मौजूद रही। आयोजन के दौरान महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके सामाजिक योगदान को मान्यता देने पर विशेष जोर दिया गया। विभिन्न खेलकूद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं में आपसी सहयोग और समाजिक चेतना को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। मुख्य अतिथि हेमंत कुमार भास्कर ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं बल्कि उन्हें समाज में बराबरी का अधिकार और सम्मान भी दिलाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय रूप से भाग लें। अमेरिका नेताम ने कहा कि दीदी मड़ई जैसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने महिलाओं के समर्पण और सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

## मावलीपारा साहू समाज के पदाधिकारियों ने राजिम जयंती समारोह में दी सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही



परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा के पदाधिकारियों ने तैलिक साहू समाज की आराध्य देवी, भक्त शिरोमणि राजिम माता की जयंती के पावन अवसर पर राजिम पहुँचकर श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ समारोह में सहभागिता की। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर राजिम माता के चरणों में नमन किया और समाज के कल्याण की कामना किया। राजिम जयंती समारोह के दौरान आयोजित धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन एवं पूजा कार्यक्रमों में समाजजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें राजिम माता एवं महान संत व समाज सुधारक राजिम बाबा के जीवन, त्याग, तपस्या और सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि राजिम बाबा के आदर्श आज के समाज के लिए मार्गदर्शक हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में एकता, भाईचारा और नैतिक मूल्यों को सशक्त किया जा सकता है। पदाधिकारियों ने समाज की एकता, संगठन की मजबूती, शिक्षा के प्रसार तथा सामाजिक उत्थान से जुड़े विषयों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित रहकर शिक्षा, सेवा और संस्कारों के क्षेत्र में निरंतर कार्य करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी सशक्त और आत्मनिर्भर बन सके। सभी ने एक स्वर में सामाजिक समरसता, आपसी सहयोग, शिक्षा के विकास एवं सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा केसंरक्षक प्रदीप सार्वा, अध्यक्ष काजुराम साहू, उपाध्यक्ष रोमलाल साहू, सचिव लोकनाथ साहू, सलाहकार मुनिराम साहू, परिक्षेत्रीय सदस्य प्रेमलाल साहू, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष थानसिंग साहू एवं समस्त पदाधिकारी, वरिष्ठजन, युवा एवं महिला सदस्य उपस्थित रहे।

## जिले में 30.76 लाख क्विंटल की धान खरीदी

**कांकेर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत राज्य शासन द्वारा 15 नवंबर से 2025 से धान की खरीदी की जा रही है। इसी क्रम में जिले के किसानों से 149 उपार्जन केन्द्रों में अब तक 30 लाख 76 हजार 574 क्विंटल धान की खरीदी पूर्ण हो चुकी है। इसमें 30 लाख 54 हजार 404 क्विंटल मोटा वेरायटी, 20 हजार 860 पतला और 1310 क्विंटल सरना वेरायटी का धान शामिल है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## सी कैटेगरी वालों से 22 जनवरी तक लिए जाएंगे दावा आपत्ति

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर विधानसभा के राजनैतिक दलों की हुई बैठक में भानुप्रतापपुर विधानसभा के ईआरओ व एसडीएम गंगाधर वाहिले ने बताया कि वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान 23 दिसंबर से 22 जनवरी तक दावा आपत्ति लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार विधानसभा भानुप्रतापपुर में नो मैपिंग वाले कुल 2245 मतदाता है, जो सी कैटेगरी में आते है उनको नोटिस दिया गया है। इसकी सुनवाई तहसील मुख्यालयों में एईआरओ और स्वयं ईआरओ भी कर रहे है। भानुप्रतापपुर विधानसभा के भानुप्रतापपुर तहसील में 3, चारामा में 3 एवं दुर्गुकोंदल में 2 एईआरओ प्रतिदिन सुनवाई कर रहे है। आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार मतदाताओं को दस्तावेज मंगाया जा रहा है। सुनवाई के बाद तत्काल इसका निराकरण आनलाईन किया जा रहा है। तहसीलदार सुरेंद्र उर्वशा ने बताया कि वर्तमान में विधान सभा में नाम जोड़ने के लिए प्रारूप 6 मे 104, नाम विलोपन हेतु प्रारूप 7 में 01 तथा संशोधन शिफ्टिंग के लिए 46 आवेदन प्राप्त हुआ है। आज सभी



राजनैतिक दलों को फार्म 9,10.11.11ए एवं 11 बी भी प्रदान किया गया। सभी राजनैतिक दलों को बताया गया कि यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो ईआरओ के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इसी तरह 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा मतदाताओं के लिए विशेष शिविर का आयोजन स्कूल और कालेजों में किया जा रहा है। शिविर में उस क्षेत्र के बीएलओ और सुपरवायजर उपस्थित रहेंगे और अध्ययनरत छात्र छात्राओं के जिनकी आयु 18 साल पूर्ण हो गयी हो या 18 साल के होने वाले हो इनका अग्रिम में आवेदन भराने का कार्य भी करेंगें। आयोजित बैठक में भानुप्रतापपुर के एईआरओ सुरेंद्र उर्वशा, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर, कांग्रेस पार्टी से विरेंद्र सिंह ठाकुर, भाजपा के गिरधारी नुरेटी, आप से हरेश चक्रधारी उपस्थित रहे।







